SECTION - I

भारत सरकार/Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग/Department of Atomic Energy
भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र/Bhabha Atomic Research Centre
_____प्रभाग/ Projects (Mysore) Division
डाक बैग संख्या-1, येलवाल, मैसूर-571 130
Post Bag no. 1. Yelwal, Mysore 571 130
दूरभाष/Telephone : 0821-2406494 फैक्स/Fax : 0821-240 3064
दिनांक/Date: 4/01/17

निविदा आमंत्रण सूचना/ NOTICE INVITING TENDER

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधीक्षक अभियंता, भापअकें, मैसूरु, अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी क्षमता संपन्न ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद मद दर निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :

The Superintending Engineer, Bhabha Atomic Research Centre, Mysore invites For & on behalf of the President of India, Sealed item rate tenders from experienced Contractors with sound financial & technical capacity for the following work(s):

निविदा संदर्भ संख्या **Tender Reference No.**	BARC/MYS/NB/Curtains-SF2/2016/01
कार्य का नाम **Name of work**	Supply and installation of curtains of AD, VISTA & WAVE make at SF-2
अनुमानित लागत/Estimated Cost	Rs. 3.91 Lakhs only/-(Rupees- Three Lakhs and Ninety One Thousand Only)
बयाना जमा/Earnest Money Deposit	**रु.** Rs 7820/-(Rupees-Seven thousand and eight hundred twenty Only)
कार्य पूर्ण करने की अवधि/Period of Completion	4 **महीने/**months
प्रतिभूति जमा/Security Deposit	**निविदा किये गये मूल्य का 2.5%** **2.5% of tendered value**
निष्पादन गारंटी **Performance Guarantee**	**निविदा किये गये मूल्य का 5.0%** **5.0% of tendered value**
निविदा दस्तावेज की कीमत **Cost of Tender Document**	Rs. 500 (Rupees–Five Hundred Only) **अप्रतिदेय/Non-Refundable**
निविदा बिक्री की अवधि/Tender Sale Period	From 09/**01/17 से** to 13/**01/17** 11.00 Hours to 16.00 Hours **बजे तक**
निविदा जमा करने की निर्धारित तिथि तथा समय/Due date & time for submission of Tender	**17/01/17 upto 15.00 Hours बजे तक**
निविदा खोलने की तिथि तथा समय **Date & time of opening of Tender**	**17/01/17 at 15.15 Hours बजे**
निविदा जमा करने का स्थान	Tender Box having identification No. 3 at

Place of Tender Submission		Building No.2
निविदा खोलने का स्थान **Place of Tender opening**		O/o Pay and Accounts Officer, BARC, Building No. 2
सम्पर्क हेतु दूरभाष संख्या **Contact Nos.**	**अनुभाग प्रमुख/प्रभारी अधिकारी** **OIC - Utilities, Project (Mysore) : 0821-2406494** **कार्यालय/Office : 0821-2406721**	

1) निविदा दस्तावेज केवल व्यक्तियों को ही जारी किए जाएंगे तथा डाक या कोरिअर द्वारा नहीं भेजे जाएंगे। अंग्रेजी भाषा में तैयार निविदा दस्तावेजों का एक पूर्ण सेट कम्पनी के पत्रशीर्ष पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के लिखित अनुरोध पर तथा संबंधित अनुभाग प्रमुख या प्रभारी अभियंता द्वारा अनुमोदित किए जाने पर जारी किया जाएगा। निविदा दस्तावेज खरीदने और जमा करने के लिए भापअकें के परिसर में प्रवेश हेतु संभावित निविदाकार या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को फोटो पहचान के लिए अपने साथ पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, नियोक्ता द्वारा जारी पहचान पत्र में से एक लाना होगा। बिडर द्वारा, सम्पर्क हेतु ऊपर दिए गए दूरभाष नम्बर पर, पूर्व अनुमति लेनी होगी ताकि भापअकें में उनके प्रवेश की व्यवस्था की जा सके एवं उनके दस्तावेजों की समीक्षा की जा सके।

Tender documents will be issued only in person and not by post or Courier. A complete set of Tender documents in English will be issued against written request by authorized signatory on company letter head and as approved by the OIC - Utilities, Project (Mysore) or Engineer-In-Charge concerned. Prospective bidder or his authorized representative shall bring photo identification (in original) like Passport, Voter's Identity Card, Driving License, Identity Card issued by the Employer for entry into BARC premises for purchase of tender documents as well as their submission. Prior confirmation on the contact numbers given above shall have to be taken by the bidder so as to arrange entry to BARC and review of documents.

2) भुगतान एवं लेखा अधिकारी, भापअकें, मैसूर के नाम मैसूर में देय भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रत्याभूत किसी भी अनुसूचित/राष्ट्रीयकृत बैंक के आदाता डिमांड ड्राफ्ट/ माँग जमा रसीद/सावधि जमा रसीद के रूप में "बयाना जमा" निविदा के साथ एक अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना होगा। बयाना जमा का एक भाग बैंक गारंटी के रूप में भी स्वीकार्य होगा। ऐसे मामलों में बयाना जमा का न्यूनतम 50% या रूपए 20 लाख, जो भी कम हो, ऊपर दर्शाए गए रूप में होगा तथा शेष संलग्न प्रपत्र के अनुसार किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। ऐसी प्राप्त निविदाएं जिनके साथ बयाना जमा नहीं होगा उन्हें सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज किसी भी कार्य दिवस में भुगतान एवं लेखा अधिकारी, भापअकें, येलवाल, मैसूर-571130 से व्यक्तिगत रूप से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा की कीमत का नगद द्वारा रोकड़ पटल पर भुगतान किया जाएगा। निविदा की कीमत अप्रतिदेय है।

Earnest Money Deposit in the form of Account Payee Demand Draft/ Deposit at Call receipt/Fixed deposit receipt on any Scheduled/nationalized bank guaranteed by Reserve Bank of India payable at Mysore in favour of Pay and Accounts Officer, BARC, Mysore shall be submitted with tender in separate sealed cover. A part of EMD is acceptable in the form of BG also. In such case minimum 50% of the EMD or Rs. 20 Lakhs whichever is less shall be in the form prescribed above and balance can be accepted in the form of BG

issued by a scheduled Bank as per enclosed form. Tenders received without EMD will be summarily rejected. Tender documents can be obtained on working days from Pay and Accounts Officer, BARC, Yelwal, Mysore - 571130. Tender cost shall be paid in Cash at cash counter. Tender cost is non- refundable.

3) निविदा से संबंधित तकनीकी स्पष्टीकरण ऊपर सम्पर्क हेतु दिए गए दूरभाष नम्बर पर प्रभारी अभियंता या संबंधित अनुभाग के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

Technical Clarifications regarding the tender can be obtained from the OIC/EIC or the Office of the Division concerned on the contact numbers given above.

4) निविदा दस्तावेज जारी करने के लिए पात्रता मापदण्ड/Criteria of Eligibility for issue of Tender Documents:

4.1 <u>तकनीकी मानदंड/TECHNICAL CRITERIA</u>

4.1.1. ठेकेदार के उपयुक्त श्रेणी का होने का वैध पंजीकरण प्रमाण- प्रत्र।

Proof of valid registration Certificate in appropriate class of contractor.

4.1.2. किसी भी सरकारी लाइसेंस प्राप्त बोर्ड/विभाग (केवल इलेक्ट्रिकल कार्यों के लिए) द्वारा जारी उपयुक्त श्रेणी का वैध इलेक्ट्रिकल ठेकेदार का लाइसेंस।

Valid electrical contractor license for the appropriate class, issued by any Govt. Licensed Board/dept (for electrical jobs only).

4.1.3. आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने के पिछले महीने की अंतिम तिथि को समाप्त हो रहे विगत सात वर्षों के दौरान निविदा मूल्य में दी गई अनुमानित लागत के कम से कम 40% की लागत के तीन समरूप पूर्ण कार्य या 60% की लागत के दो समरूप पूर्ण कार्य या 80% की लागत का एक समरूप पूर्ण कार्य संतोषजनक रूप से पूर्ण किए होने का उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी दस्तावेजी प्रमाण।

समरूप कार्य का अभिप्राय आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने के पिछले महीने की अंतिम तिथि को समाप्त हो रहे विगत सात वर्षों के दौरान पूर्ण किये गये कार्य से है।
कार्य समापन की तिथि से निविदा दस्तावेज खरीदने की अंतिम तिथि तक गणना करके प्रति वर्ष 7% की सामान्य दर से कार्य की वास्तविक लागत को किए गए कार्य की लागत वर्तमान लागत स्तर तक लायी जाएगी।

Documentary evidence from appropriate authority of having satisfactorily completed at least three similar completed works each costing 40% of the estimated value or two similar completed works each costing 60% of the estimated value or one similar completed work costing 80% of the estimated value during the last Seven years ending last day of the month previous to the one in which applications are invited.
Similar work means - Supply and installation of vertical blinds and roller blinds curtain.

The value of executed works shall be brought to the current costing level by enhancing the actual value of work at simple rate of 7% per annum calculated from the date of completion to last date for request for purchase of tender document.

4.2 <u>वित्तीय मानदंड/FINANCIAL RESOURCES</u>

4.2.1. 31 मार्च, _____ को समाप्त हो रहे विगत 03 वर्षों में औसतन वार्षिक वित्तीय लेन-देन रु._____ होना चाहिये। (अनुमानित लागत का 30% / विनिर्माण कार्य हेतु 100%*)*

Should have had average Annual, Financial Turn-over of Rs. 1,17,300 during the last 3 years ending 31st March 2016 (30% of the estimated cost / 100% for construction work).

4.2.2. अनुमानित लागत की कम से कम 40% की रकम के बराबर की धनराशि का नवीनतम शोधन क्षमता प्रमाण-पत्र ।

Possessing latest solvency certificate of value not less than 40% of the estimated cost.

4.2.3. लाभ एवं नुकसान : 31 मार्च _____ को समाप्त वर्ष से विगत 05 वर्षों के दौरान, दो से अधिक वर्षों में किसी प्रकार का नुकसान नहीं होना चाहिए।
Profit &Loss- should not have incurred any loss in more than two years during the last 5 years ending 31st March 2016,

4.2.4. स्थाई खाता संख्या की अभिप्रमाणित प्रति।
Attested copy of permanent Account Number (PAN).

4.3 <u>परियोजना संसाधन/PROJECT RESOURCES</u>

4.3.1. ठेकेदार को यह घोषणा करनी होगी कि उसको किसी प्राधिकारी/अभिकरण द्वारा निविदा डालने से वंचित नहीं किया गया है।

Contractor shall furnish declaration that he has not been debarred from tendering by any authority /Agency.

4.3.2. सरकारी /अर्द्ध सरकारी संगठन के साथ पंजीकृत होने का प्रमाण, यदि कोई हो।

Proof of registration with Government/Semi government Organization, if any.

4.3.3. चल रहे समरूप किस्म के कार्यों तथा पिछले 5 वर्षो में पूर्ण किए गए कार्यों के प्रमाण (कार्य आदेशों तथा कार्य समापन एवं निष्पादन प्रमाण-प्रत्रों आदि की प्रतियां) की सूची।

List with evidence (like copy of work orders and completion, Performance Certificates etc) of similar works in hand and completed in last 5 years.

4.3.4. निर्माण संयंत्र तथा मशीनरी की सूची/List of constructional plant and machinery.

4.3.5. योग्यता तथा अनुभव सहित तकनीकी स्टाफ की सूची।
List of technical staff with their qualification and experience.

उपर्युक्त दस्तावेजों की जांच करने के बाद प्रथम दृष्टि में निविदा में दिए गए कार्य को करने के लिए सक्षम पायी गई फर्मों को ही निरंक (ब्लैंक) निविदा दस्तावेज जारी किए जाएंगे। निविदा बिक्री/निविदा खुलने का अर्थ उसे स्वीकार कर लेना/अनुमोदित कर देना नहीं है।

After examining these documents, blank tender documents will be issued only to the firm prima-facie found competent to carry out the tendered job. Sale of Tender /Opening of Tender does not imply acceptance/approval.

5) दर्शाई गई कार्य की अनुमानित लागत केवल लगभग में है तथा ठेकेदार को वास्तविक आंकड़ों के आधार पर लागत को निकालना होगा।

The estimated cost of work indicated is only approximate and the contractor shall work out the rates based on the actual data.

6) निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय हैं। सभी दरों को निविदा के उपयुक्त प्रपत्र पर ही कोट करना होगा/Tender form is non- transferable. All rates shall be quoted on the proper form of the tender alone.

7) दर को अंकों तथा शब्दों में लिखने में विशेष सावधानी रखनी चाहिए। रकम को अंकों में इस प्रकार लिखा जाना चाहिए कि उनको समझना आसान हो। कुल रकम को अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखा जाना चाहिए।

Special care should be taken to write the rate in figures as well as in words and the amounts in figures only, in such a way that interpretation is possible. The Total Amount should be written both in figures and in words.

8) निविदा में कुछ भी शामिल करने, बाद में लिखने, जोड़ने तथा परिवर्तन करने को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा जब तक कि निविदाकार के हस्ताक्षर तथा मुहर द्वारा प्रमाणित न किया जाए।

Insertion, post-script, addition and alteration will not be recognized unless confirmed by tenderers signature and stamp.

9) कोट की गई दरों में सभी कर, ड्यूटी तथा सरकार के लागू उद्ग्रहण शामिल होंगे/Quoted rates shall be inclusive of all taxes, duties and other Government levies.

10) किसी भी शर्त जिसमें सशर्त घटौती भी शामिल है के साथ प्राप्त निविदाएं अस्वीकृत कर दी जाएंगी। तथापि, बिना शर्त घटौती के साथ प्राप्त निविदाएं स्वीकार की जाएंगी।

Tenders with any condition including conditional rebate will be rejected. However, tenders with unconditional rebate will be accepted.

11) निविदा तथा बयाना जमा अलग-अलग मुहरबंद लिफाफों में रखे जाएंगे जिन पर क्रमश: "निविदा" तथा "बयाना जमा" लिखा होना चाहिए। दोनों लिफाफों को एक अन्य मुहरबंद लिफाफे में रख कर तथा उस पर निविदा संख्या, निर्धारित तिथि तथा कार्य का नाम लिख कर प्रस्तुत करना होगा। <u>निविदा लिखा लिफाफा तभी खोला जाएगा जब बयाना जमा ठीक पायी जाएगी। बयाना जमा के लिए नगदी तथा चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदाकार का पूरा पता स्पष्ट अक्षरों में मुहर बंद लिफाफों पर अवश्य लिखा होना चाहिए।</u>

The Tender and EMD shall be placed in separate sealed envelopes each marked "Tender" and "Earnest money" respectively. Both the envelopes shall be submitted together in another sealed envelope, super scribing the Tender No, Due date and Name of work. <u>The envelope marked Tender will be opened only if the EMD is in order. Cash and Cheque for earnest money deposit will not be accepted. Full Address of the Tenderer must be written on the sealed envelopes.</u>

12) प्रतिभूति जमा की राशि ठेकेदार के प्रत्येक चालू बिल से बिल की कुल रकम के 5% के हिसाब से कटौती कर तब तक एकत्रित की जाएगी जब तक कि पहले से जमा बयाना राशि सहित उक्त प्रतिभूति जमा राशि कार्य के ठेके के मूल्य के 2.5% की राशि के बराबर नहीं हो जाती। इसके अतिरिक्त ठेकेदार को ठेका प्रदान किए

जाने हेतु जारी पत्र में निर्धारित तिथि के अंदर निष्पादन गारंटी के रूप में ठेके के मूल्य की 5% के बराबर रकम जमा करनी होगी । ऐसा न करने पर भारत सरकार की ओर से बयाना जमा जब्त कर ली जाएगी। 5% की प्रतिभूति जमा राष्ट्रीयकृत बैंकों के डिमांड ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद या बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार की जा सकती है।

The Security Deposit at 5% of gross amount of the bill shall be deducted from each running bill of the contractor till the sum along with sum already deposited as earnest money will amount to security deposit of 2.5% of tendered value of the work. In addition the contractor shall be required to deposit an amount equal to 5% of the tendered value of the contract as performance guarantee within the period prescribed in the letter of award issued to him, failing which the EMD will be

forfeited to the Government of India. The time allowed for submission of the performance guarantee by the contractor shall be decided by the NIT approving authority for a period ranging from 4 to 15 days of issue of the letter of acceptance, depending upon the magnitude and/or urgency of the work. ***This period can be further extended at the written request of the contractor by the Engineer-in-charge for a maximum period ranging from 1 to 15 days with late fee @ 0.1% per day, of performance guarantee amount.*** **Security deposit of 2.5% can also be accepted in the form of Demand draft/Fixed deposit receipts or Bank guarantee from Nationalized Banks.**

13) निविदाएं विनिर्दिष्ट तिथि तथा समय पर वेतन तथा लेखा अधिकारी के कार्यालय में खोली जाएंगी। यदि ठेकेदार या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि चाहें तो वे निविदाएं खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं।

The tenders will be opened in the Office of the Pay and Accounts Officer on the specified date & time. If desired, the contractor or his authorized representative can be present at the time of opening of tenders.

14) यदि निविदा जमा करने की तिथि तथा निविदा खुलने की तिथि को बाद में छुट्टी घोषित हो जाती है तो ये प्रक्रियाएं अगले कार्य दिवस तक स्थगित कर दी जाएंगी।

If the date for submission of tender and opening of tender happens to be a declared holiday at a later date, the same will be postponed to the next working day.

15) निविदाकार को निविदा दस्तावेज के सभी पृष्ठों/शीटों पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य होगा।
It will be obligatory on the part of the tenderer to sign the tender document for all the pages/sheets.

16) निविदा खुलने के समय सभी निविदाकारों को ड्राईंग के साथ निविदा दस्तावेज लौटाना बाध्यकारी होगा, चाहे वे बिड लगा रहे हों या नहीं।

It will be obligatory on all tenderers to return tender document along with drawings at the time of opening the tender whether they are making the bid or not.

17) भापअकें के पास बिना कोई कारण दर्शाए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने या कार्य के हिस्सों को अलग-अलग अभिकरणों को आबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है।

BARC reserves the right to reject any or all tenders or to allot parts of the work to different agencies without assigning any reasons whatsoever.

18) कार्य की निविदा, निविदा खुलने की तिथि से 120 दिनों की अवधि तक स्वीकार करने हेतु खुली रहेगी।

The tender for the works shall remain open for acceptance for a period of 120 days from the date of opening of tender.

19) If any tenderer withdraws his tender within the validity period or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable, then without prejudice to any right or remedy, the department shall be at liberty to forfeit 50% of the Earnest Money Deposit. Further, the contractor shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

20) यह निविदा आमंत्रण सूचना ठेका दस्तावेज का हिस्सा होगी/This Notice Inviting Tender shall form the part of the contract document.

यह निविदा आमंत्रण सूचना हमारी बेब साइट www.barc.gov.in पर भी उपलब्ध है/This NIT is also available in our web site www.barc.gov.in.

अधीक्षण अभियंता/ Superintending Engineer
भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र
Bhabha Atomic Research Centre
भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से
For & on behalf of the President of India